एक नजर में

एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

उज्जैन। 20 जून शुक्रवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उज्जैन शाखा द्वारा नॉन-कॉरपोरेट एंटिटीज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप प्रोफेशनल स्किल्स एनरिचमेंट कमेटी के तत्वावधान में आईसीएआईउज्जैन ब्रांच में संपन्न हुई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा अध्यक्ष सीए अंकित जैन ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य सदस्यों को नॉन-कॉरपोरेट संस्थाओं से जुड़े नवीनतम अनुपालन, लेखांकन एवं कर निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की समझ प्रदान करना था। कार्यशाला में सीए विक्रम गुप्ते (इंदौर) एवं सीए अभय छाजेड़, सीसीएम (भोपाल) ने अपने व्याख्यान के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों और अद्यतन नियमों के साथ मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर उज्जैन ब्रांच की प्रबंध समिति के सदस्य सीए आशीष टोटला, सीए अनीश चौधरी, सीए रितेश तलरेजा एवं सीए आतुष जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सीए ऋषिका वाधवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया।

बच्चों ने किया मटकी पर जल योग

उज्जैन। 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मां शिप्रा तैराक दल के नन्हे-नन्हे तैराकों द्वारा रामघाट पर शिप्रा नदी में मटकी पर जलयोग कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शहर में रामघाट पर शिप्रा नदी में तैराकी सीख रहे बच्चों ने शिप्रा की लहरों पर बैलेंस बनाकर जल योग की अनोखी प्रस्तुतियां दीं। संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी व महिला प्रशिक्षक सपना माली ने बताया की योग दिवस पर जलयोग पिछले कई सालों से करते आ रहे है। हर साल कुछ नया करने का उद्देश्य तैराक दल का रहता है। संस्था द्वारा इस वर्ष नन्हे-नन्हे तैराकों द्वारा जल में मटकी पर योग, योग पिरमिंट, योग, अनुलोम-विलोम व शिप्रा नदी में कई आकृतियां बनाई। इस अवसर पर मन्नू कहार, चंदन विंग, मुकेश राव बागले, आदि मौजूद रहे।

गंदगी पर 11 हजार का जुर्माना किया

उज्जैन। शुक्रवार को नगर निगम द्वारा समस्त झोन अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश अनुसार कार्यवाही करते हुए होटल संचालकों पर कचरा सेग्रीगेशन नहीं मिलने, गंदगी करते पाए जाने एवं अमानक स्तर की सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा राशि रुपए 11 हजार का जुर्माना लगाया गया। उक्त कार्रवाई अंतर्गत निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि समस्त जोन अंतर्गत इस प्रकार की कार्रवाई प्रत्येक वार्ड में सतत जारी रहेगी। होटल संचालकों को समझाइश दी गई है कि वे अपने होटल के आस-पास गंदगी नहीं करे और ना ही करने दे। स्वच्छता मापदंडों का अक्षत: पालन सुनिश्चित करे अन्यथा ऐसे संस्थानों के विरुद्ध अर्थदंड कार्यवाही निरंतर प्रस्तावित की जाएगी।

नगर निगम को मिली द्वितीय रैंक

उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन द्वारा सीएम हेल्प लाईन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरणों पर नियंत्रण रखते हुए प्रत्येक माह नगरिय निकायवार ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसमें 16 नगरीय निकायों के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के समाधान का मूल्यांकन किया जाता है। शासन द्वारा माह मई 2025 की जारी की गई। ग्रेडिंग 16 नगरीय निकायों में उज्जैन नगर निगम को 94 अंक के साथ द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है। उपायुक्त आरती खेडेकर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार नगर निगम के समस्त अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्प लाईन प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप शासन द्वारा जारी माह मई की ग्रेडिंग में 16 नगरीय निकायों में उज्जैन नगर निगम द्वितीय स्थान पर रहा है।

आज गायत्री शक्तिपीठ पर सामूहिक योग

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून के उपलक्ष में गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन पर सामूहिक योग का आयोजन प्रात: 7 से 8 बजे तक किया जाएगा। जानकारी देते हुए गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन के व्यवस्थापक जेपी यादव ने बताया कि उज्जैन एवं आसपास के सभी गायत्री परिवार के परिजन एवं सामान्य नागरिक बंधु योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं, योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा योगा अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही जेपी यादव ने गायत्री परिवार के परिजनों से अपील की है कि योग दिवस पर जहां भी योग दिवस मनाया जा रहा है। योग दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें एवं जीवन को स्वस्थ एवं निरोग बनाएं।

श्री राम मंदिर में आज होगा महायज्ञ, महाप्रसादी

उज्जैन। सिहस्थ बाईपास स्थित क्रिस्टल कॉलोनी में आज 21 जून शनिवार को महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुबह से आहुतियां दी जाएगी और पूजन पाठ के पश्चात दोपहर 1 बजे से शाम 4 तक भोजन महाप्रसादी का आयोजन होगा। समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि संतो और महंतों की उपस्थिति में श्री राम मंदिर में रामार्चन, पूजन व महायज्ञ शनिवार को किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होंगे। आयोजन में टॉटम्बरी सरकार महामंडलेश्वर रामदास त्यागी और महामंडलेश्वर सियाराम दास पंछी घाट, महंत ध्रुव दास महाराज की उपस्थिति में धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। श्री राम मंदिर में शनिवार को पूजन और महायज्ञ के बाद दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

पिता-पुत्र को रिवर्स आई जेसीबी ने कुचला

उज्जैन। शुक्रवार सुबह इंदौर रोड पर चल रहे सड़क निर्माण में लगी जेसीबी ने रिवर्स आते समय बाइक सवार पिता पुत्रों को कुचल दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ग्राम सांवराखेड़ी में रहने वाला कैलाश पिता रामलाल अपने पुत्र राज के साथ केरी बचने के लिए सांवेर गया था। जहां से वापस लौटते समय पंथपिपलाई के यहां चल रहा है सड़क निर्माण कार्य में लगी जेसीबी के चालक ने रिवर्स लिया। पीछे आ रहे बाइक सवार पिता पुत्र जेसीबी की चपेट में आ गए। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। परिजन जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंचे। बेटे राजा को अधिक चोट लगा सामने आया है। अस्पताल की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

उम्मीदों भरा साल, महाकाल की नगरी में बिछाया जा रहा सड़कों का जाल, श्रद्धालु बोलेंगे जय श्री महाकाल

उज्जैन जावरा ग्रीन फील्ड का टेंडर निरस्त

महाकुंभ से पहले उज्जैन में विकास की बारी

उज्जैन। महाकाल के नगरी उज्जैन में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शहर विकास के लिए शिद्दत से घोषणाएं कर रहे हैं। क्राउड मैनेजमेंट के तहत चौड़ीकरण का भी जो प्रावधान किया गया है। उसमें शहरवासी स्वयं के हाथों से अपने आशियाने भी तोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह उम्मीद भारत साल है जिसमें सैकड़ो टेंडर एक साथ जारी हो रहे हैं।

भोपाल में दो दिन पहले भी सिंहस्थ प्रशिक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें कई सारी सड़कों को बनाने की जहां स्वीकृत हुई है ,वही चौड़ीकरण पर भी मोहर लगा दी गई है। महाकाल मंदिर से लेकर क्षिप्रा तक पहुंचने के लिए अब श्रद्धालुओं की राह आसान होगी। वर्तमान में कई सड़कें संकरी है जिससे ट्रैफिक जाम होता रहता है, लोग दिनभर उलझते रहते हैं। उज्जैन में निविदाएं-ई-प्रोक्योरमेंट और ई-टेंडर्स वेबसाइट पर 2025 तक उज्जैन में 10000 टेंडर जारी हो चुके हैं। वर्तमान में जो निविदाएं प्रकाशित हुई है, उसमें कुछ की स्वीकृति हो चुकी हैं। कुछ पर होने वाली है और कुछ के काम प्रारंभ हो गए हैं। इससे पता चलता है कि उज्जैन का विकास जमकर होने वाला है।

मकोड़िया आम चौराहे से विराट नगर होते हुए गरोठ हाइवे तक का मार्ग भी चौड़ा होगा। एमआर 13 के नाम से पहचाने जोन वाले इस मार्ग को मास्टर प्लान में 45 मीटर निर्धारित किया है। लेकिन 18 टु 24 मीटर चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। जूना सोमवारिया से पीपलीनाका होते हुए अंकपात चौराहे तक का मार्ग चौड़ा होगा। इस मार्ग को करीब 30 मीटर चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। पीपलीनाका से ओखलेश्वर श्मशान तक 45 मीटर चौड़ा किया जाएगा। भर्तृहरि गुफा से ऋणमुक्तेश्वर तक का मार्ग भी 12 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। गढ़कालिका मंदिर से मत्स्येंद्रनाथ समाधि तक का मार्ग 18 मीटर चौड़ा होगा। भैरवगढ़ जेल चौराहे से पीपलीनाका तक का मार्ग सिक्सलेन के रूप में 45 मीटर चौड़ा होगा। नीलकंठ द्वार से महाकाल चौराहा यह मार्ग 2016 में ही 15 मीटर चौड़ा किया गया था। चूंकि इंदौर रोड सिक्सलेन बन रहा है। हरिफाटक ब्रिज को भी सिक्सलेन किया जा रहा है। यूडीए नीलकंठ द्वार साइड के मकान तोड़ भी रहा है। इस मार्ग को महाकाल चौराहे तक 24 मीटर चौड़ा करेंगे।

महाकाल सवारी के साथ शिप्रा पहुंच का महत्वपूर्ण मार्ग है। वर्तमान में इसकी चौडाई 8 से 9 मीटर है। इसी मार्ग पर मुंबई की धर्मशाला भी है। इस मार्ग के अब 15 मीटर चौड़ा किया जाएगा। 24 खंभा से महाकाल पार्किंग-आम दिनों में इस मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है। हाल ही में इस मार्ग को वन-वे किया गया है। कुछ जगह यह मार्ग महज 8 से 10 मीटर ही चौड़ा है। नए मास्टर प्लान के मुताबिक इसे 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा। महाराजवाड़ा चौराहे से हरसिद्धि होते शिप्रा नदी-महाकाल मंदिर के लिए सबसे महत्वपूर्ण मार्ग को 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसमें हरसिद्धि मंदिर के पास से होते हुए सिद्धाश्रम तक का मार्ग चौड़ा होगा।

> **किसानों को समझाया जा रहा**
>
> इस मार्ग निर्माण के तहत गांव के किसानों का जिस तरह से विरोध आ रहा है। बीते वर्ष उज्जैन के गांव से सटी जमीनों का अधिग्रहण शुरू हुआ था। इस साल 2025 तक इसे पूरा किया जाना था। बावजूद इसके कई तरह की आपत्ति आई है, गांव वालों को यह मार्ग मंजूर नहीं है। ऐसे में किसानों को समझाइश दी जा रही है। जिस प्रकार से यह मार्ग बनाया जा रहा था इसमें कई गांव हाईवे से जुड़ रहे थे। पांच फ्लावर, दो रेलवे ब्रिज, सात बड़े और 26 छोटे पुल समेत 270 पुलिया बनाई जाना है। एमपीआरडीसी के अधिकारी एसके मनवानी ने कहा है कि टेंडर रद्द हुआ जरूर है लेकिन नया टेंडर जारी किया जाएगा।

> **इस सड़क का टेंडर हो गया निरस्त**
>
> इधर उज्जैन जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे का टेंडर रद्द हो गया। इस वजह से लगभग 5017 करोड़ की सड़क परियोजना अटक गई हैं। हालांकि इसकी दोबारा निविदा अब जारी की जाएगी। 102 किलोमीटर लंबे एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे का टेंडर एमपी रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने रद्द कर दिया है। यह होंगी चौड़ी-कार्तिक मेला ग्राउंड से नई खेड़ी तक का मार्ग 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इससे नई खेड़ी रेलवे स्टेशन से शिप्रा नदी की राह आसान होगी। कर्कराज पार्किंग से भूखीमाता मंदिर तक का मार्ग का 24 मीटर चौड़ीकरण होगा। इस मार्ग पर ब्रिज भी निर्माण भी हो रहा है। इससे महाकाल और भूखीमाता मंदिर की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी।

> **आयुक्त ने कहा सारे चौड़ीकरण महत्वपूर्ण**
>
> नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि जिन सड़कों की स्वीकृति हो चुकी है। उनमें पहले ही टेंडर जारी कर दिया गया था, और चौड़ीकरण के काम भी प्रारंभ हो गए हैं, जहां पर बाद में स्वीकृति मिली है उनके टेंडर लगाए जा रहे हैं ,कुल मिलाकर सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर चौड़ीकरण के जो कार्य हो रहे हैं। वह सबसे महत्वपूर्ण है। इससे क्राउड मैनेजमेंट होगा। श्रद्धालुओं को मंदिर और नदी तक पहुंचने में आसानी होगी। स्थानीय शहर वासियों को भी लंबे समय तक इसका लाभ मिलेगा। आर्थिक उन्नति होगी, ट्रैफिक जाम नहीं होगा।

गिरफ्त में तपोभूमि के पास लूट की वारदात करने वाले आरोपी

उज्जैन। तपोभूमि के पास 10 जून की रात मोबाइल पर बात कर रहे युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल और बुलेट लूट की वारदात करने वाले बदमाशों को गुरुवार-शुक्रवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों में 2 नाबालिग शामिल हैं।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि देवास के रहने शक्तिसिंह पंवार ने 10 जून की रात नानाखेड़ा थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह रिश्तेदार के यहां हासमपुरा चिंतामण की ओर जा रहा था। रास्ते में तपोभूमि के पास रुककर मोबाइल पर बात कर रहा था उसी दौरान एक बाइक पर आये 4 बदमाशों आये और मारपीट कर उसका मोबाइल और बुलेट छीनकर भाग निकले। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मामले में लूट का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। जांच में सामने आया कि बदमाश इंदौर की ओर भागे है। जिनकी सीसीटीवी कैमरों और लूटे गये मोबाइल के आधार पर ट्रेसिंग शुरू की गई। 10 दिन बाद पता चला कि लूटी गई बुलेट पर एक आरोपी ग्राम कुड़ाना क्षिप्रा रोड पर हतुनिया फंटे पर खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी की तो बुलेट पर सवार युवक ने पुलिस से बचकर भागने का प्रयास किया और समीप पुल से कूद गया। जिसके चलते उसके पैर में चोंट लगी और भागने में सफल नहीं हो पाया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और बुलेट जप्त कर पूछताछ के लिये थाने लाई। जहां उसका नाम सूरज पिता जितेन्द्र शर्मा 19 साल निवासी भागीरथ पुरा इंदौर होना सामने आया। बदमाश ने कबूल किया कि उसने अपने 3 साथियों के साथ मिलकर लूट को अंजाम दिया था। पुलिस साथियों की तलाश में निकली। लूट में शामिल 2 नाबालिग भी हिरासत में आ गये। वहीं चौथा साथी युवराज कोरी फरार होना सामने आया। नाबालिग और मुख्य आरोपी सूरज की निशानदेही पर बुलेट के बाद लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव, एसआई सुरेश कलेश, सायबर सेल एसआई प्रतिक यादव, एएसआई सुनील गौंड, आरक्षक पुष्पराजसिंह, मुकेश मालवीय कमल पटेल, जगदीश सोनी, दीपक कुशवाह की भूमिका रही है।

> **फरार आरोपी पर 10 हजार का इनाम**
>
> एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि लूट में फरार चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 10 हजार का इनाम घोषित किया गया है। मुख्य आरोपी सूरज के खिलाफ इंदौर में पहले भी लूट और चोरी के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। चारों आरोपी मौज-मस्ती के साथ मंहगी गाडी पर घूमने और मंहगे मोबाइल चलाने का शौक रखते है। जिसे पूरा करने के लिये लूट की वारदात को अंजाम देते है।

45 संस्थानों के 450 कलाकारों ने दी प्रस्तुति, आज होगा रोड शो

देश विदेश में लाखों लोगों ने देखा आयोजन

उज्जैन। विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगीत के महाकुंभ में शुक्रवार को प्रथम दिन संगीत समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें पहले दिन शास्त्रीय, अर्ध शास्त्रीय, वायलिन, सारंगी, तबला, बांसुरी, हारमोनियम एवं नृत्य की 45 संस्थानों के 450 कलाकारों ने दी प्रस्तुति दी। आयोजन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक चलता रहा।

मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जया मिश्रा, शैलेश व्यास स्वामी मुस्कुराके, उद्योगपति संजय अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरुआत की। तत्पश्चात संस्था हारमोनियम बीट्स अध्यक्ष प्रीति दीक्षित द्वारा अतिथि एवं संगीत कलाकारों का सम्मान किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रीति दीक्षित एवं मुकेश शिंदे, जयंत रावल ने बताया कि आज 21 जून को विश्व संगीत दिवस के अवसर पर सा रे गा मा पा एवं इंडियन आइडल के संगीत निर्देशक संगीतकार गिरीश विश्वा का रोड शो होगा। रोड शो में सभी संस्था के कलाकार एवं संगीत कला प्रेमी शामिल रहेंगे। यह रोड शो सुबह 10 बजे से नानाखेड़ा से टावर, शहीद पार्क होते हुए कालिदास अकादमी पहुंचेगा।

पति की प्रताड़ना से तंग आकर की थी आत्महत्या

उज्जैन। उन्हेल थाना क्षेत्र के कार्तिक चौक में रहने वाली जीवनबाई ने 13 जून को घर में घासलेट डालकर खुद को आग लगा ली थी। जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी, मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया और जांच शुरू की गई। इस दौरान आसपास के रहने वाले और मृतका जीवनबाई के ताल स्थित मंडावत में रहने वाले मायके पक्ष के बयान दर्ज किये। जिसमें सामने आया कि पति देवीलाल भाट शराब पीने का आदी था और आये दिन मारपीट करता था। जीवनबाई का विवाह 1999 में हुआ था, लेकिन उसे संतान नहीं हुई थी। इसी बात के ताने पति द्वारा दिये जाते थे। जिसे प्रताड़ित होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया था। थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि जांच में आये तथ्यों के आधार पर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने पर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जिसे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया था। जहां न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

फाजलपुरा में मिला 4 माह का भ्रूण

उज्जैन। कोतवाली थाना क्षेत्र के फाजलपुरा स्थित राम मंदिर के पास गुरूवार को कुछ लोगों ने भ्रूण पड़ा देखा, जिसके आसपास कुत्ते मंडरा रहे थे। लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भ्रूण को अपनी कस्टडी में लिया और पोस्टमार्टम कक्ष लेकर पहुंची। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि भ्रूण 4 से 5 माह का प्रतित हो रहा है। जिसका परीक्षण डॉक्टरों से कराया जायेगा। वहीं भ्रूण को मंदिर के पास छोड़ने वाले की तलाश में आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जाएंगे। भ्रूण मिलने के बाद जमा हुई लोगों की भीड़ के बीच चर्चा सामने आई कि रात में किसी ने मंदिर के पास फेंका है। संभवत: महिला ने अपनी कोई गलती छुपाने के लिये ऐसा कृत्य किया है।

मानसून के बाद दिन-रात के तापमान में 2 .5 डिग्री का अंतर

आसमान में बादल, 10 से 12 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही हवा

उज्जैन। जून माह के 2 सप्ताह तक सूरज आग उगलता दिखाई दे रहा था। लेकिन अब मानसून की दस्तक हो चुकी है। 10 दिन में 16 डिग्री तापमान कम हुआ है अब दिन रात में 2.5 डिग्री का अंतर ही रह गया है।

मई माह के अंतिम सप्ताह में नौतपा की शुरुआत हुई थी। माना जा रहा था कि भीषण गर्मी पड़ेगी लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश में नौतपा ठंडा गुजरा। जून माह की शुरुआत होते ही सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया और तापमान 44 डिग्री के करीब जा पहुंचा। गर्मी और उमस से लोग बेचैन हो उठे थे। अधिकतम तापमान के साथी न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा था। लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से प्रदेश

में प्रवेश कर चुके मानसून के बाद तापमान में तेजी से गिरावट आती दिखाई दे रही है। दो दिनों से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश का सिलसिला बना हुआ है आसमान में बादल दिखाई दे रहे हैं हवा 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है जिसके चलते 10 दिन में ही अधिकतम तापमान 16 डिग्री कम हो गया। गुरुवार को तापमान 27.5 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री के करीब आ गया है जिसके चलते दिन रात के तापमान में 2.5 डिग्री का अंतर रह गया है। स्थानीय वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार गुप्त के अनुसार कुछ दिनों में ही तेज बारिश के आसार दिखाई दे रहे हैं जिसके शुरू होते ही तापमान में और कमी आएगी। फिलहाल कुछ उमस का वातावरण बना हुआ है वह भी दो-चार दिन में पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस बार अच्छी बारिश की संभावना दिखाई दे रही है।

> **एसी-कूलर की कम हुई रफ्तार**
>
> जून माह के दूसरे सप्ताह तक गर्मी से बचने के लिए एसी-कूलर का सहारा लिया जा रहा। घरों में 24 घंटे गर्मी से बचने के उपकरण चलते दिखाई दे रहे थे लेकिन पिछले दो दिनों से रिमझिम बारिश के बाद एसी-कूलर की रफ्तार थमी सी दिखाई दे रही है। घरों में अब पंखों से ही काम चलाया जा रहा है। मानसून की बढ़ती संभावना को देख बाजार में बारिश से बचने के लिए रेनकोट और छातो की दुकान लगना शुरू हो गई है। निचली बस्तियों में कच्चे मकान पर पानी से बचने के लिए बरसाती लगाई जा रही है।

वेधशाला का लोकार्पण **50 बीघा में बनकर तैयार, 21 जून को मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका लोकार्पण करेंगे**

उज्जैन अब खगोल शास्त्रियों का भी तीर्थ, देश की छठी वेधशाला तैयार

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन में खगोल शास्त्रियों का तीर्थ भी बन कर तैयार है। पास के गांव डोंगला में देश की छठी वेधशाला बनाई गई है। इस स्थान पर हर साल 21 जून को दोपहर 12.28 बजे सूर्य की किरणें इतनी लंबवत होती हैं कि छाया तक नहीं बनती। खगोलशास्त्र में इसे शून्य छाया बिंदु कहते हैं।

इसी खगोलीय विशेषता के कारण डोंगला को भारत के नए टाइम रेफरेंस प्वाइंट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस समय की गणना के लिए यहां देशभर से खगोलशास्त्री, पंचांगकार, वैज्ञानिक और छात्रों का मेला लगता है। वैज्ञानिक विधि से समय और काल निर्धारण किया जाता है, जो पंचांग में उपयोग होता है। अब यहां 50 बीघा में वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला तैयार है जो कि जयपुर, दिल्ली, बनारस, उज्जैन और मथुरा के बाद देश की छठी वेधशाला या जंतर-मंतर कह सकते है बनकर तैयार हो गई है। 21 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका लोकार्पण करने जा रहे हैं। वर्ष 1990 में चिंतक मोरोपंत पिंगले और बाद में सुरेश सोनी के प्रयासों से डोंगला को एक वैज्ञानिक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा तय हुई। यहां जल्द ही कर्क राजेश्वर मंदिर की स्थापना होगी। इसके अलावा एक हेलीपैड भी बनाया जा रहा है। नक्षत्र वाटिका का विकास जैसी योजनाएं पूरी होंगी, जिससे डोंगला न केवल खगोल विज्ञान का बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ध्रुव भी बन सके।

> **यहां लगाई गई है प्रदेश की सबसे लंबी दूरबीन**
>
> यहां पर 20 इंच व्यास की प्लेनवेव दूरबीन लगी है, जो सौर मंडल से लेकर सुदूर तारों तक की निगरानी कर सकती है। यह प्रदेश की सबसे लंबी दूरबीन है। इसके अलावा 200 सीट वाला आधुनिक ऑडिटोरियम बना है। अब पूरी दुनिया की नजर साल 1972 में पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने इस पर शोध किया था। उन्होंने उज्जैन से गुजरने वाली कर्क रेखा और पारंपरिक शून्य देशांतर रेखा अब डोंगला की ओर खिसक चुकी हैं पर बेंगलुरु की एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी से उपग्रह चित्र मंगवाए और 1985 में डोंगला को कर्क रेखा के नए बिंदु के रूप में चिह्नित किया था। डॉ. वाकणकर के शिष्यों और खगोल वैज्ञानिकों ने शोध को आगे बढ़ाया।

> **होगा ग्रहों की दिशा सौर समय का अध्ययन**
>
> शंकु यंत्र सूर्य की छाया से समय और अक्षांश तय करने वाला छड़ी नुमा यंत्र। भित्ति यंत्र उत्तर-दक्षिण दिशा में दीवार ऐसा यंत्र, जिससे सूर्य-चंद्रमा की ऊंचाई मापी जाती है। सम्राट यंत्र विशाल त्रिकोणाकार घड़ी, जो सौर समय बताती है। नाड़ी वलय यंत्र ग्रहों की दिशा व गति को मापने वाला पारंपरिक यंत्र। भास्कर यंत्र गोलाकार यंत्र जो पृथ्वी के झुकाव और ध्रुव तारे की स्थिति दर्शाता है।